दिन– शुक्रवार | दिनांक– 13 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

बिहार विधानसभा में आज प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। सदन के अंदर महिलाकर्मियों को सात सौ तीस दिनों के शिशु देखभाल अवकाश देने का मामला उठा। भाकपा माले के संजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्यपाल सचिवालय की अनुशंसा के बावजूद शिक्षा विभाग ने इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं किया है। इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि पंद्रह दिनों में इस विषय पर फैसला हो जाएगा। राजद की कुमारी अनिता ने सिंचाई के लिए बिजली का मुद्दा उठाया। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि वर्तमान में किसानों को सिंचाई के लिए चौदह घंटे बिजली दी जा रही है। इधर, विधान परिषद में आज एक बार फिर महिला सुरक्षा का मुद्दा उठा। पटना के फुलवारीशरीफ में एक छात्रा की मौत का मामला उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। श्रीमती राबड़ी देवी ने महिला शिक्षकों के गृह जिले में स्थानांतरण की भी मांग की। विधान पार्षद प्रोफेसर नवल किशोर प्रसाद यादव ने विद्यालयों में बेंच–डेस्क की खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि देश में कोडीन युक्त कफ सिरप के सेवन से किसी की मौत की कोई घटना सामने नहीं आई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान श्री नड्डा ने कहा कि जब भी किसी दवा से संबंधित मौत का मामला सामने आता है, सरकार तुरंत जांच का आदेश देती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई दवा उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई जाती है, तो उसे तुरंत बाजार से वापस मंगा लिया जाता है। श्री नड्डा ने कहा कि दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुस्थापित नियामक प्रक्रिया लागू है, जिसका सरकार सख्ती से पालन कर रही है।

———————————————————————

पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सीबीआई ने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक से केस डायरी की मांग की है। साथ ही अबतक की जांच रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और सभी संबंधित दस्तावेज तथा सबूत मांग गए हैं।

गौरतलब है कि सीबीआई ने कल इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय राजधानी में सेवा तीर्थ भवन परिसर के नामकरण का अनावरण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन–एक और दो का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। यह उद्घाटन देश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।

———————————————————————

पूर्णिया और बक्सर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। व्यवहार न्यायालय के आधिकारिक ई–मेल पर यह धमकी दी गयी है। एहतियात के तौर पर न्यायालय में सभी कामकाज रोककर पूरे परिसर को खाली करा दिया गया है और चप्पे–चप्पे की तलाशी ली गयी। कहीं से किसी प्रकार का कोई विस्फोटक नहीं मिला है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा रही है।

———————————————————————

आज विश्व रेडियो दिवस है। इस वर्ष का विषय है– **"रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं।"** इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि रेडियो एक ऐसा माध्यम है जो दूर–दराज के गांवों से लेकर व्यस्त शहरों तक लोगों को एक विश्वसनीय आवाज के रूप में सेवाएं देता है। अपने कार्यक्रम मन की बात का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज की शक्ति को उजागर करने में रेडियो की क्षमता का अनुभव किया है। सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव और मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विश्व रेडियो दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।